राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

दिनांक:-26.06.2018

(मानित विश्वविद्यालय)

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तत्त्वाधान में संचालित)

जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष प्रवेश अधिसूचना-01/2018 (संशोधित)

तिरुपति विद्यापीठ द्वारा घोषित संयुक्त शिक्षाशास्त्री प्रवेश परीक्षा परिणाम-2018 में उत्तीर्ण संस्थान के छात्रों में से वरीयता श्रेणी, आरक्षण नियम एवं रिक्तस्थानानुसार परामर्श (Counselling)/प्रवेश के लिए बुलाये जाने वाले अभ्यार्थियों की सूची में **निम्नलिखित** छात्रों को सम्मिलित किया गया है। परामर्श (Counselling)/प्रवेश के लिये यह सूचना प्रवेश का अधिकार प्रदान नहीं करता। परामर्श (Counselling) के बाद चयन होने की स्थिति में उसी दिन ₹5,100/- जमा कराना होगा। परामर्श (Counselling)/प्रवेश हेतु निर्धारित दिनांक 02.07.2018 (10:30 बजे) से 09.07.2018 (05:00 बजे) तक सम्बन्धित परिसर में उपस्थित होना अनिवार्य है। यदि निर्धारित तिथि में उपस्थित नहीं होने, उक्त राशि जमा न कराने तथा निम्नलिखित आवश्यक प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियाँ इत्यादि प्रस्तुत नहीं करने पर प्रवेश दिया जाना सम्भव नहीं होगा, और प्रवेश की पात्रता स्वत: निरस्त हो जायगी।

आवश्यक प्रमाणपत्र-

(1) जिन छात्रों को परिसर आवंटित की गई है वह छात्र संस्थान के वेबसाइट लिंक http://admission.rsks.in/ पर उपलब्ध प्रवेशार्थ आवेदनपत्र (admission form) ऑनलाइन के माध्यम से पूर्ण करने के पश्चात प्रिन्ट कर प्रवेश समिति को जमा करें।

(2) जन्मतिथि के प्रमाण के लिये मैट्रिक/सेकेण्डरी/समकक्ष परीक्षा का प्रमाणपत्र तथा अंकतालिका।

(3) उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका।

(4) बी.ए.(संस्कृत)/शास्त्री/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका।

(5) एम.ए. (संस्कृत)/आचार्य/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका (यदि हो)

(6) यदि आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित हैं तो सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रमाणपत्र। (Caste certificate)

(7) दिव्यांग होने की स्थिति में चिकित्सक द्वारा प्रदत्त कम से कम 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

(8) संयुक्त शिक्षाशास्त्री प्रवेश परीक्षा की प्रवेशपत्र। (CSSET-2018 Admit card)

(9) चिकित्सकीय प्रमाणपत्र। (Health Certificate)

(10) प्रव्रजन प्रमाणपत्र (Migration Certificate)

(11) स्थानान्तरण एवं चरित्र प्रमाणपत्र। (Transfer Certificate & Character Certificate)

(12) रैगिंग के विरोध संस्थान द्वारा निर्धारित शपथ पत्र (संस्थान वेब-साइट पर उपलब्ध) (Anti- ragging Affidavit)

आवश्यक सूचनाएँ-

- प्रवेश सम्बन्धित परिसरों द्वारा निर्मित स्थानीय प्रवेश समिति द्वारा पात्रता सिद्ध होने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।
- प्रवेश दिनांक 02.07.2018 (10:30 बजे) से 09.07.2018 (05:00 बजे) तक दिया जाएगा।
- आपके द्वारा राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति को आनॅलाइन आवेदनपत्र में दी गई जानकारी एवं विद्यापीठ द्वारा संस्थान को दी गई जानकारी के आधार पर ही आपको परामर्श (Counselling)/प्रवेश के लिए सूचना दी गई है। आपके द्वारा दी गई जानकारी वास्तविक जाँच में यदि असत्य पायी गयी तो आपको प्रवेश योग्य नहीं माना जाएगा। इसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। प्रवेश संबंध में स्थानीय प्रवेश समिति का निर्णय मान्य होगा।
- शीघ्र ही कक्षा प्रारम्भ होगी। अत: प्रवेश के बाद आपको अवकाश नहीं दिया जाएगा। यदि आप अर्हता रखते हैं तो आप अपने साथ पूरा सामान लेकर सम्बन्धित आवंटित परिसर में निर्धारित तिथि तक उपस्थित रहें।
- जो परिसर परामर्श (Counselling)/प्रवेश के लिये आवंटित किया गया है, उसी परिसर में आपको प्रवेश दिया जा सकता है। प्रवेश के पश्चात् स्थानान्तरण नहीं होगा।
- प्रथम चक्र के प्रवेश समाप्त होने के पश्चात् संस्थान के परिसरों में स्थान रिक्त होने पर नियमानुसार प्रतीक्षा सूची के शेष छात्रों को प्रवेश दिया जा सकता है। उक्त सन्दर्भ में सूचना हेतु दिनांक 14.07.2018 को संस्थान के वेब साइट (www.sanskrit.nic.in) पर देखा जा सकता है।
- उपरोक्त प्रवेश सम्बन्धित सूचना संस्थान की बेव साइट के अतिरिक्त पोस्ट या अन्य माध्यम से अलग से नहीं भेजा जाएगा।

प्रवेश सूची में अपना नाम एवं आवंटित परिसर देखने हेतु यहां क्लिक करें।

ह.-

परीक्षा नियंत्रक